माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 776/ /प्रशा0/MSU/2024–25 दिनांक : 13-8-24

महत्त्वपूर्ण/समयबद्ध

कार्यालय–ज्ञाप

एतत्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय में नामांकित समस्त छात्रों की ABC/APAAR ID बनाये जाने हेतु समय–समय पर निर्देशित किया गया है, किन्तु अधिकांश छात्रों द्वारा अभी तक ABC/APAAR ID नहीं बनायी गई है, जिस पर शासन द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। विश्वविद्यालय में नामांकित/अध्ययनरत् छात्रों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि वह डिजीलॉकर पोर्टल पर पंजीकरण करते हुये डिजीलॉकर पोर्टल पर उपलब्ध एजुकेशन केटेगरी में जाकर ABC/APAAR ID हेतु अनिवार्य रूप से पंजीकरण करना सुनिश्चित करें। जिन छात्रों द्वारा डिजीलॉकर पोर्टल पर पंजीकरण एवं ABC (Academic Bank of Credit) पोर्टल पर ABC/APAAR ID नहीं बनायी जायेगी, उन छात्रों के परीक्षा फार्म किसी भी दशा में नहीं भरे जायेगे, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/छात्र का होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

01. प्राचार्य/प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि वह महाविद्यालय में प्रवेशित/अध्ययनरत् समस्त छात्रों का डिजीलॉकर/ ABC/APAAR ID पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।
02. परीक्षा नियंत्रक को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार परीक्षा फार्म में संशोधन/आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
03. उपकुलसचिव।
04. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेंसी।
05. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव